Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 21-03-2005

Participants : Mishra Dr. Rajesh Kumar

>

Title: Need to include Rajbhar Caste of Uttar Pradesh in the Scheduled Castes list.

डॉ. राजेश मिश्रा (वाराणसी) : महोदय, उत्तर प्रदेश में राजभर समाज आर्थिक रूप से बहुत ही गरीब और सामाजिक रूप से पिछड़ा समाज है। सदियों से इस समाज के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाये गये हैं। पिछले वर्ाो में उत्तर प्रदेश के माननीय उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश के तहत उत्तर प्रदेश की सरकार से राजभर समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने का निर्देश दिया था। उत्तर प्रदेश की सरकार ने केन्द्र सरकार के पास इस अनुरोध को अग्रसारित करके भेजा है। मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि राजभर समाज के उत्थान के लिए उन्हें अनुसूचित जाति में शामिल किया जाये।